प्रेस नोट
दिनांक 01.02.2025
संपूर्ण समाधान दिवस
जनपद गोण्डा।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील मनकापुर में जनसमस्याओं को सुना गया एवं उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया–

आज दिनांक 01.02.2025 को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में मनकापुर तहसील गोण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल व राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अधिकारीगण द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत–प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारीगण द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के दिशा–निर्देशों से अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को अवगत कराते हुये प्रार्थना–पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्यवाही एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मनकापुर श्री राजेश कुमार सिंह, सहित राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट
दिनांक 01.02.2025

थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 230 ग्राम नाजायज गांजा बरामद–

कार्यवाहीः–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में को0 नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त विमल कश्यप पुत्र सुखराम नि0 पंचमपुरवा गूंगादेवर थाना विश्वेश्वरगंज जनपद बहराइच को रेलवे अस्पताल के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 230 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण–

आज दिनांक 01.02.2025 को सेमरा चौकी इंचार्ज उदित कुमार वर्मा मय हमराह फोर्स के साथ शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि सूचना पर रेलवे अस्पताल के पास से अभियुक्त विमल कश्यप को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 230 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त–

01. विमल कश्यप पुत्र सुखराम नि0 पंचमपुरवा गूंगादेवर थाना विश्वेश्वरगंज जनपद बहराइच।

पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–73/2025, धारा 8/20 एनडीपीएस ऐक्ट थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

बरामदगी–

01. 01 किलो 230 ग्राम नाजायज गांजा।

गिरफ्तार कर्ता टीम–

01. उ0नि0 उदित कुमार वर्मा।
02. का0 राहुल पाल।
03. का0 हरिकेश सिंह।
04. का0 रोहित गौतम।

मीडिया सेल, गोण्डा।